सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 130 | इंदौर, सोमवार 25 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# भोपाल-जबलपुर समेत 9 शहरों में 10° से नीचे टेम्परेचर

## पचमढ़ी सबसे ठंडा, राजधानी में रिकॉर्ड टूटा

### इस सप्ताह भी तेज ठंड पड़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल, जबलपुर समेत मध्यप्रदेश के 9 शहरों में रात का टेम्परेचर 10 डिग्री से नीचे है। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा रिकॉर्ड 5.8 डिग्री तक आ चुका है, जबकि राजधानी में नवंबर की ठंड ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले सप्ताह जैसा ही अगला सप्ताह भी रहेगा। यानी, तेज ठंड का दौर जारी रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो पहाड़ों पर बर्फ पिघलने के बाद वहां से आई बर्फीली हवा से ठंड बढ़ी है। अगले कुछ दिन तक ठंड का ऐसा ही दौर बना रहेगा। 27 नवंबर से पारे में बढ़ोतरी होगी, लेकिन दिसंबर में कड़ाके की ठंड का दौर फिर से शुरू हो जाएगा।



#### अभी ये सिस्टम एक्टिव

वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में उत्तरी हिस्से में एक्टिव है। पूर्वी हिस्से में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव है। वहीं, उत्तरी हवाएं भी प्रदेश में आ रही है। इस कारण तेज ठंड है।

#### भोपाल में दिन में धुंध

भोपाल में दिन में भी धुंध का असर है। इस वजह से 2-3 किलोमीटर दूर देखना मुश्किल हो जाता है। सुबह के समय धुंध का असर तेज रहता है। दूसरी ओर, प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में कोहरे का असर भी है।

#### नवंबर में ही तापमान 10 डिग्री से नीचे

जिस तरह से मानसून बरसा, उसी हिसाब से ठंड का असर भी है। नवंबर में ही कई शहरों में टेम्परेचर 10 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। शनिवार-रविवार की बात करें तो पचमढ़ी में 5.8 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 7.4 डिग्री, मंडला में 7.5 डिग्री, उमरिया में 9 डिग्री, मलाजखंड में 9.1 डिग्री, राजगढ़ में 9.4 डिग्री और नौगांव में पारा 9.6 डिग्री है।

बड़े शहरों में भोपाल और जबलपुर में पारा 10 डिग्री से कम है। भोपाल में यह 9.8 डिग्री और जबलपुर में 9.9 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 13.6 डिग्री, ग्वालियर में 11.2 डिग्री और उज्जैन में 12.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

अन्य शहरों की बात करें तो रीवा, छिंदवाड़ा, खंडवा, टीकमगढ़, गुना, सतना, खरगोन और रायसेन में रात का तापमान 12 डिग्री से नीचे है।

#### भोपाल में पारा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

नवंबर में राजधानी में रात का तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से ऐसा ही ट्रेंड रहा है। इस बार भी दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़क रहा है और यह 8.8 डिग्री पहुंच गया है, जो रिकॉर्ड है।

मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में नवंबर में रात का तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह 30 नवंबर 1941 को दर्ज किया गया था। इस महीने बारिश होने का ट्रेंड भी है। 10 साल में दो बार बारिश हो चुकी है। साल 1936 में इस महीने में साढ़े 5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

#### इंदौर में ठंड का असर तेज

नवंबर में इंदौर में भी ठंड का असर रहता है। खासकर दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से गिरता है। इस वजह से रातें ठंडी हो जाती हैं और टेम्परेचर 10 से 12 डिग्री के बीच रहता है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। हालांकि, 25 नवंबर 1938 को पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है। कभी-कभार बारिश भी हो जाती है। दिन में 31 से 33 डिग्री के बीच तापमान रहता है। अभी दिन का तापमान भी 30 डिग्री से नीचे है।

#### नवंबर में सबसे सर्द रहता है ग्वालियर

पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो ग्वालियर में पारा 6 डिग्री तक पहुंच चुका है। 54 साल पहले वर्ष 1970 में टेम्परेचर 3 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह ओवरऑल रिकॉर्ड है। 2 नवंबर 2001 को दिन का तापमान 37.3 डिग्री तक पहुंच चुका है जबकि यह सामान्य तौर पर 33 से 35 डिग्री के बीच रहता है। इस महीने बारिश भी होती है। 1927 में पूरे महीने 3 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। 10 साल में 3 बार ऐसा ही मौसम रह चुका है।

## रातों-रात शहर में लगी वेस्ट से बनी हुई कृति

### कहीं स्वच्छता दीदी, बब्बर शेर, घोडा लगाया तो कहीं जिराफ और तितलियां







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में कल रात में कई चौराहों पर वेस्ट से बनी हुई कलाकृति लगा दी गई है। यूरेशिया देश के सम्मेलन के ध्यान में रखते हुए यह कलाकृतियां लगाई गई है। इस बार इंदौर अपनी सफलता को आठवें वर्ष में दोहराने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन आयोजित 41वीं यूरेशियन बैठक 25 नवंबर से 29 नवंबर तक ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होने जा रही है। इस अवसर पर इंदौर नगर निगम द्वारा वेस्ट मैटेरियल से बनाए गए स्ट्रक्चर विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि इंदौर की स्वच्छता की पहचान को दशार्ने वाली सफाई मित्र दीदी का स्ट्रक्चर लाइफ केयर हॉस्पिटल पर लगाया गया है। इसी तरह बडा गणपति चौराहे पर बब्बर शेर और घोड़े के स्ट्रक्चर स्थापित किए गए हैं। स्वच्छता का प्रतीक स्वच्छता मशाल भी इन स्ट्रक्चर्स में शामिल है। ये सभी स्ट्रक्चर लगभग 3 टन वजन के हैं और इन्हें स्क्रैप मैटेरियल से तैयार किया गया है।

वर्मा ने बताया कि इसके अलावा ळउर चौराहा सुपर कोरिडोर पर जिराफ वजन लगभग 220 किलो लगाया गया है ।

# सांस्कृतिक विरासत या धरोहरों का महत्व समझकर संरक्षण में योगदान देने की जरूरत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुरातत्व धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व धरोहर सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुरातत्त्व, अभिलेखागार और संग्रहालय संचालनालय भोपाल के तत्वावधान में केंद्रीय संग्रहालय इंदौर में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। अतिथियों ने व्याख्यान माला का शुभारम्भ देवी सरस्वती के चित्र के माल्यार्पण करने के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एचआर. पाटीदार (प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पर्यटन आईपीएस. एकेडमी), डॉ. श्रीमती संध्या भार्गव (प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास विभाग शासकीय अटल बिहारी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय), वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा ह्यआदित्यह्ल एवं आस्तिक भरद्धाज (प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर, आईजीएनसी) उपस्थित रहे। इस मौके पर वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा ह्यआदित्यह्ल ने अपने विशाल मुद्रा संग्रह को दान कर मुद्रा संग्रहालय स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने सांस्कृतिक धरोहर और पहचान को समझने के लिए युवाओं को प्रेरित भी किया, ताकि वे अपने इतिहास और संस्कृति के महत्व को जानें और उसे संजोकर रखें। डॉ. एचआर. पाटीदार ने अपने व्याख्यान में सांस्कृतिक विरासत या धरोहरों का महत्व समझकर संरक्षण में योगदान देने की जरूरत बताई। उन्होंने पुरातत्वीय स्मारकों के संरक्षण के महत्व के साथ ही उनसे सम्बंधित समस्याओं एवं प्रभाव पर प्रकाश डाला। डॉ. संध्या भार्गव ने इतिहास में पुरातत्व के विषय पर अपने उद्बोधन में इतिहास निर्माण में पुरातत्वीय साक्ष्यों यथा अभिलेख, मुद्रा एवं स्थापत्य के महत्व को दशार्ते हुए विविध उदाहरणों से उपस्थित श्रोताओं का ज्ञानवर्धन किया। इसी क्रम में आस्तिक भारद्वाज द्वारा आईजीएनसी संस्था का परिचय देते हुए पुरातत्व वस्तुओ का संरक्षण क्यों आवश्यक है एवं उसकी विविध तकनीकों के सम्बन्ध में अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से भी समझाया। व्याख्यान माला की समाप्ति के बाद शासकीय अटल बिहारी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय तथा आईपीएस एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा संग्रहालय भ्रमण किया गया। व्याख्यानमाला में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के अतिरिक्त डॉ. एस.के. भट्ट (इतिहासकार), हिमांशु दूधवड़कर (वास्तु सलाहकार), प्रवीण श्रीवास्तव (रसायनज्ञ), योगेश पाल (प्रभारी संग्रहाध्यक्ष, उज्जैन) उपस्थित रहे। व्याख्यान माला के आखिर में प्रकाश परांजपे (उपसंचालक, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्राहलय, इंदौर) द्वारा विभाग की ओर से सभी वक्ताओं एवं उपस्थित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया गया। विश्व धरोहर सप्ताह में विरासत जानने की ललक शहरवासियों में देखी गयी।

# अंबेडकर कार्यालय खोलने को लेकर विरोध

### बुद्धिस्ट सोसायटी ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**◆ कहा-विवाद खत्म न होने तक कार्यालय बंद रखें**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू स्थित डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली पर बने कार्यालय को खोलने के फैसले पर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। इस मुद्दे को लेकर दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया ने रविवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि जब तक यह विवाद पूरी तरह सुलझ नहीं जाता, तब तक कार्यालय को बंद रखा जाए।

डॉ. अंबेडकर की जन्मस्थली पर पिछले कुछ समय से दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। इनमें से एक पक्ष ने भ्रष्टाचार और अन्य अनियमितताओं के आरोप भी लगाए हैं। इसी विवाद के चलते अगस्त 2024 में सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यालय को सील कर दिया गया था। उस समय यह निर्णय लिया गया था कि जब तक विवाद का समाधान नहीं हो जाता, कार्यालय नहीं खोला जाएगा।

**कार्यालय खोलने से फिर बढ़ा विवाद-** इस बीच शनिवार को इस सील किए गए कार्यालय का ताला खोल दिया गया, जिससे विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। इसके विरोध में रविवार को दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के बैनर तले कुछ लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई।

# भाजपाइयों ने देखी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म

### सांसद पाटीदार बोलीं- गोधरा कांड में हुई घटना की सच्चाई सामने आई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रविवार को भाजपाई 'द साबरमती एक्सप्रेस मूवी देखने एक साथ पहुंचे। उनके साथ राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार और भाजपा के जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा भी साथ थे। सभी एक साथ महू स्थित विक्रम मॉल के थिएटर में पहुंचे।**

मूवी देखने के बाद सांसद पाटीदार ने कहा कि, गोधरा में हुई घटना पर आधारित इस फिल्म ने तब की सच्चाई जनता के सामने लाने का काम किया है। पुरानी घटना की सच्चाई को दबाकर कारसेवकों के बलिदान को गलत रूप में पेश कर देश-दुनिया को भ्रमित किया था।

जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने कहा कि, 2002 में गुजरात के गोधरा में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी। इसे दुर्घटना



का नाम देकर देश की जनता से सच्चाई छुपाई गई। उन्होंने फिल्म को प्रदेश में टैक्स फ्री करने का निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया।

भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे भी एयरपोर्ट रोड स्थित सिने स्क्वेयर सिनेमा में द साबरमती मूवी देखने पहुंचे। भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ द्वारा फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई थी।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष घनश्याम नारोलिया, कोषाध्यक्ष हेमचंद मित्तल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर, माया पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित थे।

# अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने इंदौर में की बिजली कंपनी के कार्यों की समीक्षा

### नए कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर करने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। **मप्र शासन ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने रविवार को पोलोग्राउंड इंदौर में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नए कार्यों को गुणवत्ता के साथ ही तय अवधि में करने के निर्देश दिए।**

श्री मंडलोई ने आरडीएसएस पूर्ण हो चुके, वर्तमान में हो रहे एवं अगले चरण में होने वाले कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों को तय समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि नए विकास कार्यों से आमजनों को लाभ मिले। श्री मंडलोई ने कहा कि शासकीय एवं गैर शासकीय बिजली उपभोक्ताओं से राजस्व संग्रहण समय पर किया जाए। इस कार्य में कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आरडीएसएस के कार्यों की प्रगति एवं जारी वित्तीय वर्ष में सात माह में राजस्व संग्रहण पर संतोष जताया। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने अपर मुख्य सचिव को स्मार्ट मीटर परियोजना में आठ लाख से ज्यादा मीटर स्थापित होने, रबी सीजन में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, दैनिक विद्युत आपूर्ति, शासकीय विभागों से बकाया वसूली के लिए किए जा रहे प्रयास, नई भर्ती प्रक्रिया, आरडीएसएस के 46 ग्रिड पूर्ण तैयार होने समेत अन्य विषयों की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी शाखा द्वारा बिलिंग से संबद्ध ऑटोमेशन कार्य किया जा रहा हैं। इसके होने पर नई सुविधाएं उपलब्ध होगी। अपर मुख्य सचिव श्री मंडलोई ने पश्चिम क्षेत्र कंपनी के सुधारवादी और उपभोक्ता सेवा संबंधी प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान, निदेशक तकनीकी श्री सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री रवि मिश्रा, श्री एसआर बमनके, श्री एसएल करवाड़िया, श्री एसआर सेमिल, श्री आरके आर्य, मुख्य वित्त अधिकारी श्री नरेंद्र बिवालकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# इंदौर में एनआरआई समिट 16-17 दिसंबर को

### 25 से ज्यादा देशों के एनआरआई आएंगे इंदौर के विकास पर होगा मंथन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आगामी 16 और 17 दिसंबर को एनआरआई समिट का आयोजन होगा। यह प्रवासी इंदौरियों के सम्मेलन का तीसरा वर्ष है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि ब्रिलियंट कन्वैंशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 25 से अधिक देशों के एनआरआई शामिल होंगे। समिट का उद्देश्य इंदौर और दुनिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा, इंदौरी एनआरआई और स्थानीय लोगों के बीच संवाद बढ़ाना, इंदौर की संस्कृति और विकास के बारे में जानकारी देना और इंदौर के विकास कार्यों पर चर्चा करना है। पिछले साल भी इंदौर में आयोजित एनआरआई समिट में दुबई, अबू धाबी, शिकागो, सेन फ्रांसिस्को, जापान सहि दुनिया के 28 देशों के एनआरआई इंदौर पहुंचे थे।

# 76 वे एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **76 वे एनसीसी दिवस के उपलक्ष में एनसीसी ग्रुप इंदौर ग्रुप के तत्वाधान में 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर द्वारा एम वाय अस्पताल इंदौर के रक्त बैंक के माध्यम से आज दिनांक 24 नवंबर 2024 को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया!**

9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल एम के तिवारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस रक्तदान शिविर में इंदौर ग्रुप मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली समस्त एनसीसी बटालियन जैसे 1 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर,2 एम पी आर्म्ड स्क्वाड्रन इंदौर,1 एम पी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी इंदौर,2 एम पी आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी महू,9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के एनसीसी कैडेट्स,अधिकारी, पी आई स्टॉफ ने रक्तदान कर समाज सेवा के पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता की।

9 एम पी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी तथा सूबेदार मेजर बृजेश कुमार एवं अन्य स्टाफ ने भी इस अवसर पर रक्त दान कर एनसीसी कैडेट्स को इस पुण्य कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कैडेट्स का मनोबल बढ़ाने के लिए बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल वरुण भारतीय भी उपस्थित थे! एन सी सी कैडेट्स के द्वारा एम वाय अस्पताल इंदौर के गरीब मरीजों के सहायतार्थ रक्तदान किया गया। आज लगभग 70 यूनिट रक्त कैडेट्स एवं स्टाफ द्वारा रक्तदान कर समाज सेवा का पुण्य कार्य किया गया।

# बुंदेलखंडी लोकगीत 'फंस गई जल मछली' पर थिरके इंदौर महापौर

### कजिन की शादी के महिला संगीत का वीडियो आया सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महापौर पुष्यमित्र भार्गव का डांस करते हुए एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वे बुंदेलखंड के लोकगीत 'फंस गई जल मछली' पर जमकर थिरकते हुए नजर आ रहे हैं।। उनके साथ मंच पर परिवार के कई अन्य पुरुष सदस्य भी ताल से ताल मिला रहे हैं। बताया जा रहा है कि 22 नवंबर को बायपास स्थित रास वृंदावन गार्डन में महापौर की कजिन की शादी के महिला संगीत का आयोजन रखा गया था। यहां महापौर अपने परिवार के साथ मौजूद थे। डांस करते समय उनके परिजन ने ही यह वीडियो शूट किया। यह वीडियो रविवार को सामने आया है।

# नकली पुलिस का एडिशनल डीसीपी को वीडियो कॉल

## ठग ने कहा- 2 घंटे में बैंक अकाउंट बंद हो जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। साइबर अपराधियों ने ठगी करने की नीयत से वीडियो कॉल किया। जब कॉल अटैंड हुआ तो मोबाइल स्क्रीन पर सामने वाले शख्स को देखकर बदमाशों के होश उड़ गए। सामने खाकी वर्दी में एक पुलिस अधिकारी बैठा था, जिसके बाद कॉल फौरन डिस्कनेक्ट कर दिया।**



दरअसल, इंदौर में पदस्थ एडिशनल डीसीपी को डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की गई। वे रविवार दोपहर करीब 2 बजे अपने दफ्तर में बैठे थे। तभी उन्हें एक कॉल आया। ये वॉइस कॉल था। कॉलर ने फोन पर कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड से गलत तरीके से एक लाख 11 हजार रुपए 930 रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ है। इसकी एफआईआर दर्ज की गई है। अधिकारी समझ गए थे कि ये फ्रॉड का कॉल है। वे उनसे बात करते रहे। थोड़ी देर बाद स्टेटमेंट लेने के लिए अफसर को वीडियो कॉल किया गया। जिसमें सामने वर्दीधारी अफसर को देख कॉलर ने फोन डिस्कनेक्ट कर दिया।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुझे एक ऑटोमैटेड कॉल आया। जिसमें बताया गया कि आपके क्रेडिट कार्ड का मिस यूज हुआ है। 2 घंटे के अंदर आपका बैंक अकाउंट बंद हो जाएगा। मुझे लगा कि यह डिजिटल अरेस्ट का मामला है। मैं उनसे बात करता रहा।

एडिशनल डीसीपी ने कहा- मैं उनसे पूछता रहा कि मुझे क्या करना होगा। उन्होंने बताया कि हम आपकी इतनी मदद कर सकते हैं कि आपको थाने में कनेक्ट करा देंगे। इसके बाद उन्होंने मुझे थाने में कनेक्ट करा दिया। वहां एक ठग ने पुलिस कर्मी बनकर बात की। बताया कि आपके आधार कार्ड का मिस यूज हुआ है। आपके खिलाफ अंधेरी वेस्ट में एफआईआर हुई है। आप मुंबई कब आए थे, मैंने जवाब दिया कि मैं तो 10 साल से मुबंई आया ही नहीं हूं।

फिर उन्होंने कहा कि 2 घंटे में आपको थाने आना पड़ेगा। मैंने कहा- मैं इंदौर में रहता हूं। 2 घंटे में आना संभव नहीं है। उनका जवाब था कि हम आपकी हमारे अफसर से बात कराते हैं।

वह अंदर गया, वहां जय हिंद कहा और बताया कि एक डिजिटल का मामला है। स्टेटमेंट ले सकते हैं क्या, परमिशन है। इसके बाद मुझे वर्दी में देखकर उन्होंने कहा कि आपके साथ कौन है, तो मैंने कहा कि मैं ही हूं। मैं एक पुलिस अफसर हूं। इसके बाद उन्होंने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया मैं उस वक्त मीडिया को रूटीन ब्रीफ करने जा रहा था। तभी यह कॉल आया। मैं समझ गया था कि डिजिटल अरेस्ट करने वाला फ्रॉड का है। सोचा इसे रिकॉर्ड कर लोगों को अवेयर किया जा सकता है।

## संघ की महिला प्रचारक से सोने की चेन झपटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आरएसएस की महिला प्रचारक के साथ लूट हो गई। बाइक से आया बदमाश उनकी सोने की चेन पर झपट्टा मारकर तोड़कर ले गया। वे अपनी मां को योग सेंटर से लेकर घर लौट रही थीं। घटना परदेशीपुरा की है। पुलिस के मुताबिक, नंदानगर में रहने वालीं संघ प्रचारक एकता साकले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना शनिवार शाम 6 बजे की है। एकता ने बताया कि वह पाटीदार योग सेंटर से मां लता साकले को लेकर पैदल अपने घर की तरफ आ रही थीं। नंदानगर गली नंबर 8 में पहुंचीं, तभी नीले रंग की पल्सर बाइक पर सवार एक बदमाश आया। उसने मुंह पर सफेद रंग का कपड़ा बांधा हुआ था। गले पर झपट्टा मारकर रुद्राक्ष का पेडल लगी हुई सोने की चेन लेकर फरार हो गया।

## ज्वेलर्स के यहां से सोने की अंगूठी चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना इलाके में स्वर्ण कला ज्वेलर्स से मोपेड से आया बदमाश सोने की अंगूठी चुरा ले गया। ज्वेलर्स आकाश गुप्ता ने इस मामले में केस दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, आकाश ने बताया कि उनकी दुकान पर शनिवार दोपहर निशी गुप्ता और स्टाफ मेंबर वंशिका बैठे हुए थे। आरोपी आया और सोने की अंगूठी दिखाने की बात करने लगा। उसे डिब्बा दिखाया, तभी उसने एक अंगूठी जेब में रख ली। बाद में पसंद नहीं आने का कहकर चला गया। पत्नी निशी ने अंगूठी कांउट की, तो 6 ग्राम की अंगूठी कम मिली। निशी ने आरोपी को आवाज दी, तो वह मौके से भाग गया।

## शॉपिंग मॉल की कैशियर के साथ रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक शॉपिंग मॉल की कैशियर के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी और युवती कभी दोस्त हुआ करते थे। शादी का झांसा देकर वह चार साल से उसका शोषण कर रहा था। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, युवती की शिकायत पर पुलिस ने शुभम राठौर के खिलाफ रेप और धमकाने की एफआईआर की है। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार है। युवती ने बताया कि चार साल पहले से वह शुभम को जानती है। हमारी फ्रेंडशिप हुई, तो शुभम के साथ घूमना-फिरना होने लगा। आरोपी ने एक दिन उसे प्रपोज किया। कहा कि प्यार करता है और शादी करना चाहता है। हमारे बीच रिलेशन हो गए। जब भी उससे शादी करने की बात करती, तो वह टाल देता। आखिरी बार वह 25 जुलाई को गोपुर इलाके की एक होटल में लेकर गया। यहां भी रिलेशन बनाए। युवती का कहना है कि आरोपी ने अब दूरी बना ली है। मोबाइल नंबर और आईडी ब्लाक कर दी। शनिवार, 23 नवंबर को उसके घर पहुंची, तो वह अपशब्द कहने लगा। इसके बाद वहां से भगा दिया।

## कूलर गोदाम में आग लगी, कर्मचारी जिंदा जला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देर रात कूलर गोदाम में आग लग गई। हादसे में एक कर्मचारी जिंदा जल गया। आग की चपेट में गोदाम के बाजू में बनी दो और दुकानें आ गईं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने लपटों पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, हादसा लसूडिया मोरी के पांचाल कंपाउंड में रात दो बजे हुआ। आग श्याम कूलर के गोदाम में लगी, जो कृष्णा मोटर वाइंडिंग और एक अन्य लोडिंग गाड़ियों की वर्कशॉप तक पहुंच गई। कूलर गोदाम के भीतर राजू नाम का कर्मचारी सो रहा था।



उसने बाहर निकलने की कोशिश की लेकिन धुएं के चलते कामयाब नहीं हो पाया। पुलिस को उसका जला शव मिला है। राजू पिता गया प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुरा का रहने वाला था। दो साल पहले काम करने इंदौर आया था। पुलिस ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। प्लास्टिक के कूलर, घास के पैड और दूसरे ज्वलनशील मटेरियल की वजह से यह तेजी से फैल गई। टीआई तारेश सोनी ने कहा, 'राजू ने अपने मालिक को कॉल कर शॉट सर्किट की जानकारी दी थी। मालिक ने कुछ देर में आने की बात कही। राजू ने अपना मोबाइल टेबल पर रखा और आग बुझाने लगा। कुछ देर बाद आग बेकाबू हो गई तो सामने की वर्कशॉप के एक चौकीदार ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। टीम ने रात 3 बजे आग बुझाने का काम शुरू किया, जो सुबह 5 बजे तक चला। आग में फंसे राजू का कंकाल अंदर मिला है।'

## गुजरात से इंदौर आई 6 साल की बच्ची लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** माता-पिता के साथ गुजरात से इंदौर के राजेन्द्र नगर आई 6 साल की बच्ची लापता हो गई। परिवार शनिवार रात थाने पहुंचा। यहां जानकारी के बाद पुलिस और परिवार बच्ची की तलाश में जुट गया है। बच्ची बोल नही पाती। बताया जा रहा है कि बच्ची मानसिक रूप से थोड़ी कमजोर है और बोलने में असमर्थ है। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम राजेन्द्र नगर थाने पर जीवन मीणा और उनके परिवार के लोग पहुंचे थे। उन्होंने यहां 6 साल की बेटी लक्षिका की गुमशुदगी दर्ज कराई है। जीवन ने बताया कि वह गुजरात के सुरेन्द्र नगर में फार्मा कंपनी में काम करते हैं। पत्नी और दो बच्चों को लेकर शिव सागर कॉलोनी में रहने वाले माता-पिता से मिलने इंदौर आए थे। दोपहर में पत्नी शालिनी मीणा नजदीक ही स्थित एक ब्यूटी पार्लर गई थी। पत्नी कॉल करने पर बेटी को बाल कटवाने के लिए भेजने का कहकर गई थी। दोपहर करीब 1 बजकर 35 मिनट पर पत्नी शालिनी का कॉल आया कि बेटी को भेज दो। उस समय जीवन खाना खा रहा था। उसने चचेरे भाई ऋषि से लक्षिका को उसकी मम्मी के पास छोड़ कर आने के लिए कहा। ऋषि ने लक्षिका को साथ ले जाने के लिए ढूंढा, लेकिन वो नहीं मिली।

## सीढ़ी से गिरी 3 साल की बच्ची, मौत

**इंदौर। कनाड़िया में खेत पर काम करने वाले मजदूर की तीन साल की बेटी की सीढ़ियों के पास पत्थर पर गिरने से मौत हो गई। उसके सिर और सीने में चोट आई थी। खून का थक्का जम गया था। रात में बच्ची ने एमवाय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।**



कनाड़िया पुलिस ने बताया कि राधिका (3) पुत्री जितेन्द्र ठाकरिया, निवासी ग्राम कनाड़िया की मौत हुई है। 15 नवंबर को वह अपनी बहन और भाई के साथ खेल रही थी। इस दौरान वह सीढ़ियों से फिसलकर पत्थर पर जा गिरी। पहले उसे शंकुतला अस्पताल ले जाया गया। यहां पर उपचार मंहगा होने के चलते उसे शनिवार रात एमवाय अस्पताल लेकर लेकर आए थे। रात में बच्ची ने यहां दम तोड़ दिया। राधिका को सिर में मामूली चोट आई। उसका सिटी स्केन भी हुआ। लेकिन सीने में खून का थक्का जम गया था। डॉक्टरों ने दवाई से खून का थक्का ठीक होने की बात कही थी। रात में अचानक राधिका को सांस लेने में दिक्कत आई और उसने दम तोड़ दिया। जितेन्द्र मूल रूप से नर्मदापुरम के रहने वाले हैं। तीन साल पहले काम के सिलसिले में इंदौर आए थे। यहां पर कनाड़िया में ऑटो पार्टस व्यवसायी के खेत में काम करने लगे। यहीं पर उन्हें एक कमरा भी मिला हुआ था। परिवार के मुताबिक जब राधिका हादसे की शिकार हुई उस समय माता-पिता कुछ ही दूरी पर खेत में काम कर रहे थे। राधिका की दो बहने और एक भाई है।

# बाबा महाकाल के लिए भिलाई के भक्त ने बना दी 25 लाख की रजत पालकी, दान दाता ने नाम रखा गुप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** महाकाल मन्दिर में यूं तो बड़ी मात्रा में नगद राशि दान में आती है। इसके अलावा चांदी के आभूषण और भक्तों की सुविधा के लिए भी सामग्री दान की जाती है। लेकिन, रविवार के दिन छत्तीसगढ़ से पहुंचे बाबा महाकाल के भक्त ने मंदिर समिति को रजत पालकी को भेंट की। इसका वजन 23 किलो है। वहीं, इसकी कीमत 25 लाख रुपए बताई जा रही है। इस अनोखे भक्त ने अपना नाम नहीं जाहिर करने की गुजारिश की है। भगवान श्री महाकाल के पुरोहित भावेश व्यास और लोकेश व्यास की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ के भिलाई के भक्त ने यह रजत पालकी पूजन अर्चन कर दान दी।



**यह है पालकी की विशेषता-** आज भिलाई के भक्त ने भगवान श्री महाकालिशुवर को रजत मंडित पालकी अर्पित की जिसमें चांदी का लगभग वजन 23 किलो है, जिसकी लागत 25 लाख आई है, यह रजत पालकी उज्जैन के ही कारीगर सोनी परिवार द्वारा 100 दिनों में तैयार की गई, इस पालकी में सूर्य, चंद्रमा और कमल फूल की शानदार नक्काशी की गई है, स्वास्तिक अर्पित किया गया है। पालकी के आगे भाग में 2 सिंह का अनावरण किया गया है। कमल फूल से पालकी को सजाया गया है। सुंदरता के साथ ही पालकी की मजबूती का भी ख्याल रखा गया है।

### इनकी मौजूदगी में हुआ पालकी का पूजन अर्चन

महाकाल मंदिर समिति के अध्यक्ष/जिला कलेक्टर नीरजसिंह, महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ की उपस्थित में बाबा की रजत पालकी का महाकाल पंडित पुरोहित ने विधि विधान के साथ पूजन अर्चन करवाया। इस शुभ अवसर पर महाकाल मंदिर समिति के सहायक प्रशासक प्रतीक त्रिवेदी, समिति के सदस्य राम गुरु, प्रशासक निजी प्रशांत, मंदिर समिति प्रभारी अधिकारी राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### 100 दिनों में तैयार की गई पालकी

यह पालकी महाकाल मन्दिर के पुरोहित भावेश व्यास और लोकेश व्यास की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ भिलाई के भक्त ने दान दी है। भक्त की तरफ से दान दी गई पालकी में चांदी का वजन 23 किलो है, जिसकी लागत 25 लाख बताई जा रही है। यह रजत पालकी उज्जैन के ही कारीगर द्वारा 100 दिनों में तैयार की गई।

## शराब की लत से परेशान हूं... रुमाल पर सुसाइड नोट लिख टेलर ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा,(एजेंसी)।** पदम नगर थाना क्षेत्र में आत्महत्या का सामने आया है। यहां एक टेलर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को तलाशी में उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसनी अपनी मौत का जिम्मेदार स्वयं को बताया है। मामला शनिवार शाम करीब चार बजे का है। वह शराब की लत से परेशान था, जिसके कारण आत्महत्या कर लिया।

पुलिस के अनुसार सिंघाड़ तलाई निवासी टेलर दीपक नामदेव ने अपने घर में ही फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान उसके घरवाले भी घर में मौजूद थे, उन्हें सूचना मिली तब तक दीपक की मौत हो चुकी थी। परिवारों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी से उतारा और पीएम के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। रविवार को मृतक का पीएम करवाया गया। पदम नगर थाने एसआई वीरेंद्र अहिरवाल ने बताया कि परिवार वालों से फांसी लगाने की सूचना मिली थी। शव की तलाशी लेने पर जेब में एक रुमाल मिला। जिसमें लिखा था कि मैं अपनी शराब की लत से परेशान हूं और अपनी मौत का जिम्मेदार स्वयं हूं। मेरे घरवालों को परेशान न किया जाए। मामले में पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है।

## सजा सुनाते ही फरार हुआ दुष्कर्म का आरोपित

### पुलिस ने आकोट में हरिराम की तलाश जारी रखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा, (एजेंसी)। **नाबालिग से दुष्कर्म के एक आरोपित को न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई तो वह बाथरूम जाने का बहाना कर पुलिसकर्मियों को चख्मा देकर फरार हो गया। मामला जिला न्यायालय परिसर का है। आरोपित हरिराम निवासी पिपलौद जमानत पर था।**

सजा सुनते ही उड़े होश

आरोपित हरिराम को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई। सजा सुनने बी के बाद उसके होश उड़ गए। उसने बाथरूम जाने का बहाना बनाया। एक पुलिसकर्मी उसे लेकर गया और वापस लाया। इस बीच उसे भागने का मौका नहीं मिला। एक अन्य मामले में आरोपित ने भी कहा कि उसे भी बाथरूम जाना है।

### मौका मिलते ही कोर्ट से भागा

पुलिसकर्मी हरिराम को वहीं छोड़ दूसरे आरोपित को बाथरूम ले गया। इस दौरान हरिराम कोर्ट रूम के पास से भाग गया। उसके भागने की जानकारी लगते ही हड़कंप मच गया। पुलिस के वायरलेस सेट और पुलिस अधिकारियों के मोबाइल बज उठे। पिपलौद, कोतवाली, खालवा, पंधाना की पुलिस टीम उसे तलाशने लगी, व मिला नहीं।

### बाइक की जुगाड़ कर हुआ फरार

सूत्रों के अनुसार इसके बाद पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित हरिराम कहीं से बाइक की जुगाड़ कर 500 रुपये का पेट्रोल डलवाकर आकोट की तरफ भागा है। खंडवा पुलिस हरिराम की तलाश में महाराष्ट्र के आकोट पहुंची। बताया जा रहा है कि हरिराम का परिवार आकोट में संतरे तोड़ने का काम करता है। इसे लेकर पुलिस को अंदेशा था कि हरिराम आकोट पहुंच सकता है। पुलिस पूरी तैयारी में गई थी, लेकिन देर शाम तक हरिराम के आकोट नहीं पहुंचने से पुलिस के हाथ फिल्हाल खाली है।

### तलाश जारी, जल्द गिरफ्तार करेंगे

विशेष न्यायालय से पास्को एक्ट के आरोपित को सजा सुनाई गई थी। दोपहर करीब 3.30 बजे कोर्ट परिसर से आरोपित के फरार होने की सूचना मिली थी। इस संबंध में कोतवाली थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। आरोपित की तलाश जारी है, जल्द ही उसे गिरफ्तार करेंगे।

**-अभिनव बारंगे, सीएसपी, खंडवा**

## पीतांबरा पीठ पहुंचे लालू यादव और तेजस्वी

### मां बगुलामुखी देवी की पूजा-अर्चना के बाद तेजस्वी बोले-2025 बिहार विस चुनाव जीतेंगे



**दतिया,(एजेंसी)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रविवार दोपहर दतिया पहुंचे। यहां उन्होंने पीतांबरा पीठ पहुंच कर मां बगुलामुखी देवी की विशेष पूजा-अर्चना कर देश के कल्याण और शांति की कामना की। इसके साथ ही मंदिर परिसर में विराजित वन खंडेश्वर महादेव का जल अभिषेक किया।

वे 2.30 बजे विशेष विमान से दतिया एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां से वह सड़क मार्ग से होते हुए पीतांबरा पीठ पहुंचे। दर्शन के पश्चात वह सर्किट हाउस के लिए रवाना हुए। यहां वह यादव सामज व अन्य राजनेताओं से मुलाकात के बाद वापस एयरपोर्ट पहुंचेंगे और विशेष विमान से पटना के लिए रवाना होंगे।

**40 मिनट रहे मंदिर में-** लालू प्रसाद यादव करीब 3 बजे पीतांबरा पीठ पहुंचे थे। यहां उनकी अगवानी यादव समाज और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की थी। वे तेजस्वी के साथ सीधे माता के दर्शन के लिए पहुंचे। यहा गर्भ गृह के बहार करीब 10 मिनट रुक कर पीठ के पुजारियों ने विशेष पूजा अर्चना करवाई। पूर्व सीएम लालू यादव का स्वस्थ ठीक न होने से उन्हें व्हीलचेयर से मंदिर ले जाया गया और वहां अन्य देवी देवताओं के दर्शन कराए गए। इस दौरान वह पीठ प्रांगण में 40 मिनट तक रूके।

## जबलपुर हाई कोर्ट ने कलेक्टर को दिया 60 दिन का समय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, (एजेंसी)।** नरसिंहपुर जिले के राम जानकी ट्रस्ट मंदिर कंदेली की जमीन को बेचने के मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने नरसिंहपुर कलेक्टर को 60 दिन में निराकरण के निर्देश दिए हैं। जस्टिस एमएस भट्टी की एकल पीठ ने कलेक्टर से यह भी कहा है कि वह रिपोर्ट कोर्ट को सौंपे। जबलपुर निवासी यदुवंश कुमार त्रिवेदी की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने हाई कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता के पूर्वजों ने ट्रस्ट बनाकर राम जानकी मंदिर का प्रबंधन और व्यवस्थापन का कार्य शुरू किया था। याचिकाकर्ता पांच भाई-बहन हैं, जिनमें से यदुवंश कुमार जबलपुर में रहते हैं। वर्ष 2009 में व्यवस्था पत्र बनवाकर छोटे भाई सुरेंद्र कुमार त्रिवेदी को देखने का दायित्व सौंप दिया था। याचिकाकर्ता ने बताया कि सुरेंद्र त्रिवेदी ने बिना अधिकार नर्मदा डेवलपर से सांठ-गांठ कर मंदिर की संपत्ति बेच दी और कलेक्टर की अनुमति से वहां निर्माण भी शुरू कर दिया। मंदिर की संपत्ति में सभी भाई-बहन का बराबर से अधिकार हैं। याचिकाकर्ता ने इस मामले में कलेक्टर से संपत्ति का दुरुपयोग रोकने मांग की थी लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो याचिका दायर की गई।

## उपचुनाव रिजल्ट के दूसरे दिन बाजार बंद

### उपद्रव के डर से लिया निर्णय, टीआई बोले- गब्बर नहीं रहा, तो गब्बर के आदमी कहां से होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, (एजेंसी)।** श्योपुर जिले के विजयपुर उपचुनाव के नतीजों में भाजपा के रामनिवास रावत को कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा ने 7 हजार से ज्यादा वोट से हरा दिया। नतीजे आने के दूसरे दिन विजयपुर के सुनवई रोड इलाके का बाजार बंद हो गया। ऐसा नहीं है कि बाजार बंद कराने के लिए कोई आया हो या किसी ने कहा हो। असल में दुकानदारों ने उपद्रव की आशंका के डर से खुद ही बाजार बंद कर लिया। नतीजे वाले दिन भी शनिवार दोपहर करीब 2 बजे से बाजार बंद है।

वैसे तो सुनवई रोड इलाके में रोजाना दुकान सुबह 8:00 बजे खुल जाती हैं, लेकिन शनिवार दोपहर से लेकर रविवार सुबह 10 तकबजे तक दुकान नहीं खोली गईं। बताया गया कि विजयपुर विधानसभा सीट पर जब-जब चुनाव होते हैं, तब नतीजा चाहे किसी के भी पक्ष में आए, कुछ असामाजिक तत्व उत्पात मचाने पहुंच जाते हैं। पथराव, मारपीट और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं होती हैं। इसे देखते हुए दुकानदारों ने पहले से ही दुकान बंद करने का निर्णय लिया।

इस बारे में दुकानदार विवेक जाटव का कहना है कि दूसरे लोग ने दुकान बंद की थी, इसलिए उन्होंने भी दुकान बंद की है। विजयपुर थाना टीआई पप्पू सिंह यादव का कहना है कि परिणाम के बाद दुकान बंद हुई है, तो लोग सेलिब्रेशन करने चले गए होंगे। ऐसे में लोग सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। कोई बात नहीं है क्योंकि, जब गब्बर ही नहीं रहा तो गब्बर के आदमी कहां रहेंगे।

# संपादकीय

## ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार

आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं। सबसे अधिक विकास आज अविकसित क्षेत्रों में हो रहा है। आज गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आदि के साथ साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, एवं नोर्थ ईस्ट के इलाके भी तेजी से विकास कर रहे हैं। विकास के कई नए क्षेत्रों का निर्माण हुआ है। पिछड़े हुए इन राज्यों में गति पकड़ रहा विकास, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में और भी अधिक वृद्धि दर्ज करने में सहायक सिद्ध होगा। ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का अतुलनीय विस्तार हुआ है, जिसके चलते अब सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनियां भी अपने संस्थानों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित हो रही हैं। विशेष रूप से दक्षिणी प्रदेशों में कुछ कम्पनियों ने इस सम्बंध में अच्छी पहल की है। प्राचीन भारत में ग्रामीण क्षेत्र ही आर्थिक विकास के मजबूत केंद्र रहे हैं। इससे इन क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर भी इनके आसपास के इलाकों में मिल जाते हैं और इन्हें शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन करने की आवश्यकता ही नहीं होती है। सामान्यतः देश के विभिन्न राज्यों की वित्तीय स्थिति में भी मजबूती आई है। कुछ राज्यों के बजटीय घाटे में अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। परंतु, साथ ही कुछ राज्यों जैसे, पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, आदि प्रदेशों में आज बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय हो रही है जिसे शीघ्र ही सम्हालने की आवश्यकता है क्योंकि एक तो इन राज्यों में विकास दर कम होती जा रही है दूसरे इन राज्यों द्वारा मुफ्त योजनाओं को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है, बगैर यह ध्यान दिए कि इन बढ़े हुए खर्चों के लिए क्या उनके बजट में कुछ गुंजाइश भी है। इस प्रकार के बढ़े हुए खर्चे इन राज्यों के बजट पर अंततः दबाव बढ़ाते हैं। आज देश में कुछ राज्यों में ब्याज के भुगतान, प्रशासन सम्बंधी खर्चों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान करने में ही पूरे बजट की राशि समाप्त हो जाती है। प्रदेश में विकास कार्य करने के लिए कुछ भी राशि बचती ही नहीं है बल्कि कुछ राज्यों को तो इन मदों पर भुगतान करने हेतु भी ऋण लेना होता है जो बजट पर और अधिक दबाव को बढ़ाता है। पूंजीगत खर्चे इन राज्यों में कम ही हो पा रहे हैं जिससे इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय भी कम है और ये राज्य विकास की दर को हासिल नहीं कर पा रहे हैं। दिल्ली में पिछले 10 वर्ष पूर्व तक पूंजीगत मदों पर बजट का एक बहुत बड़ा भाग खर्च होता था परंतु पिछले 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। पंजाब की स्थिति भी बहुत खराब हो गई है केवल 20 वर्ष पूर्व तक पंजाब देश के सबसे अमीर राज्यों की श्रेणी में शामिल था परंतु आज इसके आसपास के राज्य, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा, भी पंजाब से आगे निकल गए हैं। इन राज्यों में उद्योगों को स्थापित करने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। पंजाब से उद्योग निकलकर हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा में चला गया है। मध्यप्रदेश एवं बिहार कृषि के क्षेत्र में बहुत भारी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं परंतु उद्योग के कम मात्रा में होने के चलते इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर तुलनात्मक रूप से कम है। किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी दो अलग अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18 वर्ष से 59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षों के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है। अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं।

## सैर सपाटा

# हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत वैली है स्पीति

### यहां जाएं तो इन जगहों को जरूर करें एक्सप्लोर

हिमाचल प्रदेश की कई जगहों पर एडवेंचर का मजा लिया जा सकता है। स्पीति वैली को हिमाचल प्रदेश का ठंडा रेगिस्तान कहा जाता है। इस जगह पर बर्फ से ढके पहाड़ों को देखना वाकई मजेदार हो सकता है। ये वैली भारत की सबसे ठंडी जगहों में से एक है। यहां के कई गावों में -17 डिग्री तक तापमान रहता है। अगर आप ठंड के दिनों में यहां जाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो जानिए किन जगहों को करें एक्सप्लोर-

### ◆ चंद्रताल झील



चंद्रताल झील को सबसे खूबसूरत झीलों में गिना जाता है। ये शानदार झील लाहौल और स्पीति जिले के लाहौल इलाके में है। चंद्र ताल या चंद्रमा की झील नाम इसके अर्धचंद्राकार की वजह से मिला है। यह झील एडवेंचर का शौक रखने वाले कई पर्यटकों को आकर्षित करती है।

### ◆ ताशिगांग



ताशीगंग हिमाचल प्रदेश की स्पीति वैली में एक अनोखा छोटा सा गांव है। इसकी अद्वितीय सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि इसे घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह बनाती है।

### ◆ पिन वैली नेशनल पार्क



पिन वैली नेशनल पार्क हिमाचल प्रदेश के स्पीति वैली के ठंडे रेगिस्तान में से एक सुंदर इलाका है। यह जगह मायावी पहाड़ी तेंदुए के साथ कई जानवरों का घर है। यह पार्क अपनी अनूठी वनस्पति और अल्पाइन वनस्पतियों और जीवों के समृद्ध कलेक्शन के लिए भी फेमस है।

### ◆ काजा



स्पीति जिले की राजधानी काजा स्पीति नदी के बाढ़ग्रस्त मैदानों पर स्थित है। यह दोनों तरफ पहाड़ों से घिरा हुआ है और स्पीति घाटी का सबसे ज्यादा आबादी वाला हिस्सा है। सुंदर नजारे और शांति का आनंद लेने के लिए आप इस जगह पर जाएं।



### त्रिलोकीनाथ मंदिर

त्रिलोकीनाथ मंदिर हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले का एक प्राचीन मंदिर है। यह जगह हिंदू और बौद्ध दोनों द्वारा पूजनीय है। इसे भगवान शिव और अवलोकितेश्वर का निवास स्थान माना जाता है। इसमें एक संगमरमर की मूर्ति है जिसे बौद्ध साहित्य में अवलोकितेश्वर के नाम से जाना जाता है।

## Uttarpradesh

# संभल में इंटरनेट भी बंद, जामा मस्जिद सर्वे के दौरान पथराव-फायरिंग में तीन मौत के बाद फैसला

**संभल।** यूपी के संभल में बवाल, पथराव, आगजनी और फायरिंग में तीन युवकों की मौत के बाद शहर में इंटरनेट भी बंद कर दिया गया है। कोर्ट के आदेश पर रविवार को कोर्ट कमिश्नर की टीम शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे को पहुंची तो बवाल हो गया। उपद्रवियों ने पहले जामा मस्जिद के बाहर और फिर नखासा इलाके में पुलिस पर जमकर पथराव किया। उन्होंने दोनों स्थानों पर कम से कम एक दर्जन वाहनों को आग लगा दी और फायरिंग की। इस दौरान एसपी के पीआरओ, सीओ और कोतवाल समेत दर्जनभर पुलिसकर्मी घायल हो गए।

उधर, बार-बार समझाने के बाद भी भीड़ के शांत न होने पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पहले आंसू



गैस के गोले छोड़े और फिर लाठीचार्ज कर दिया। कई राउंड हवाई फायरिंग भी की। करीब ढाई घंटे चली हिंसा के दौरान भीड़ में शामिल तीन लोगों की मौत हो गई है। इसके बाद अफवाहों को रोकने के लिए संभल शहर में इंटरनेट बंद करने का फैसला किया गया। पुलिस ने दो महिलाओं 15 लोगों को हिरासत में लिया है। उधर, जामा मस्जिद के बाहर बवाल के दौरान ही पुलिस ने भारी सुरक्षा के बीच सर्वे टीम को जैसे-तैसे सुरक्षित बाहर निकाला।

रविवार को कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव के साथ वादी अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस बल के साथ दोबारा सर्वे करने शाही जामा मस्जिद पहुंचे थे। करीब 7.30 बजे सर्वे शुरू हुआ।

## Uttarpradesh

# जीपीएस के भरोसे जा रही थी कार, अचानक खत्म हुआ पुल और नीचे गिर गई गाड़ी, 3 की मौत



**बरेली.** जीपीएस सिस्टम के भरोसे मंजिल तक पहुंचने की कोशिश किसी की जिंदगी का आखिरी पल भी हो सकता है. उत्तर प्रदेश में एक कार हादसे का शिकार हो गई. जिससे शादी समारोह में जा रहे कार में सवार 3 दोस्तों की मौत हो गई. परिजनों का दावा है कि हादसा जीपीएस सिस्टम के चलते हुआ. क्योंकि कार जीपीएस सिस्टम के सहारे ही जा रही थी.

हादसे के संबंध में पुलिस ने बताया कि रविवार को एक कार के पुल से रामगंगा नदी में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई. पुलिस को संदेह है कि चालक जीपीएस सिस्टम के कारण असुरक्षित मार्ग पर चला गया. यह दुर्घटना खालपुर-दातागंज मार्ग पर सुबह करीब 10 बजे हुई, जब पीड़ित बरेली से बदायूं जिले के दातागंज जा रहे थे. मामले में सर्किल ऑफिसर आशुतोष शिवम ने कहा कि इस साल की शुरुआत में बाढ़ के कारण पुल का अगला हिस्सा नदी में गिर गया था, लेकिन इस बदलाव को सिस्टम में अपडेट नहीं किया गया था. पुलिस ने कहा कि ड्राइवर नेविगेशन सिस्टम का इस्तेमाल कर रहा था और उसे यह एहसास नहीं हुआ कि पुल असुरक्षित है, जिससे कार क्षतिग्रस्त हिस्से से नीचे गिर गई.

शिवम ने कहा कि क्षतिग्रस्त पुल के रास्ते पर कोई सुरक्षा अवरोध या चेतावनी संकेत नहीं थे, जिसके कारण यह जानलेवा दुर्घटना हुई. सूचना मिलने पर फरीदपुर, बरेली और दातागंज थाने की पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं. जिसके बाद वाहन

## Manipur

# मणिपुर में हैवानियत: ढाई साल के मासूम को चेहरे पर मारी गोलियां, चाकू से गोदा; पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर के जिरिबाम जिले में अपहरण किए छह लोगों को बड़ी नृशंसता से मारा गया था। उग्रवादियों में किस कदर हैवानियत भरी थी इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि ढाई साल के बच्चे को चेहरे पर गोलियां मारकर मौत के घाट उतारा था। यही नहीं उसके सीने और हाथ को चाकू से गोदा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने के बाद यह खुलासा हुआ है।

बच्चे का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक भी शव की हालत देखकर सिहर गए थे। जब चेहरे पर गोलियां मारने से हमलवरों का जी नहीं भरा तो उसके पूरे शरीर पर हमला किया। उसकी दाहिनी आंख भी गायब मिली है। रविवार को छह में तीन लोगों के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट सामने आई है। महिला लेशराम हेइतोम्बी देवी (25) को उसके सीने के पीछे तीन बार गोली मारी गई थी। चौथी गोली पीछे मारी गई थी। गोलियों से उसके दिल, फेफड़े और पसलियां कट गईं जिससे उसकी मौत हो गई। युरेम्बम रानी देवी (68) को पांच गोलियां लगीं एक सिर में, दो छाती में, एक पेट में और एक बांह में। अभी अन्य लोगों की रिपोर्ट आनी बाकी है।

## Jharkhand

# झारखंड में हेमंत सोरेन ने पेश किया सरकार बनाने का दावा, 28 को सीएम पद की शपथ!

**रांची.** झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत हुई है. इसी के साथ हेमंत सोरेन अपनी सरकार रिपीट करने में सफल रहे हैं. झारखंड राज्य के गठन के बाद यह पहला मौका होगा, जब किसी सरकार को दूसरे कार्यकाल के लिए जनादेश मिला है. हेमंत सोरेन ने राजभवन पहुंचकर गवर्नर संतोष गंगवार से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा, फिर सरकार बनाने का दावा पेश किया. नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को रांची में हो सकता है.

झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रविवार शाम राजभवन पहुंचकर राज्यपाल संतोष गंगवार को अपना इस्तीफा सौंपा और सरकार बनाने का दावा पेश किया. 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में



56 सीटों के साथ इंडिया ब्लॉक ने बहुमत हासिल किया है. हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो ने 34 सीटें जीती हैं, जबकि उसके सहयोगियों कांग्रेस ने 16, राजद ने 4 और सीपीआईएमएल ने 2 सीटें जीतीं.

कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय का कहना है कि 28 नवंबर को झारखंड की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा.

## खेल

# पहले दिन की नीलामी समाप्त, पंत-श्रेयस रिकॉर्ड दाम पर बिके, पडिक्कल-वॉर्नर को नहीं मिले खरीददार

**जेद्दा। आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी के पहले दिन ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और वेंकटेश अय्यर जैसे खिलाड़ियों पर फ्रेंचाइजी ने जमकर पैसा लुटाया। उम्मीद के अनुरूप पंत ने स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा और वह आईपीएल नीलामी के इतिहास में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बने।**




आईपीएल 2025 के लिए सऊदी अरब के जेद्दा में पहले दिन की मेगा नीलामी समाप्त हो गई है। रविवार को उम्मीद के अनुरूप भारतीय खिलाड़ियों पर जमकर पैसों की बरसात हुई और ऋषभ पंत तथा श्रेयस अय्यर रिकॉर्ड दाम पर बिके। पहले श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा। श्रेयस उस वक्त तक आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। हालांकि, कुछ देर बाद ही ऋषभ पंत नीलामी में उतरे और उन्हें लखनऊ सुपरजाएंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। पंत इस तरह आईपीएल नीलामी में सबसे ज्यादा दाम पर बिकने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत और श्रेयस ने इस मामले में मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा।

पंत और श्रेयस के अलावा पहले दिन वेंकटेश अय्यर पर भी बड़ी बोली लगी जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं, भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल और केएल राहुल पर भी बड़ी बोली लगी। अर्शदीप और चहल को जहां 18 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स ने खरीदा। वहीं, राहुल को दिल्ली ने 14 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया। इस बीच, नेहाल वढेरा, सुयश शर्मा और अब्दुल समद जैसे अनकैप्ड खिलाड़ियों पर भी फ्रेंचाइजी ने जमकर पैसों की बरसात की और ये खिलाड़ी करोड़पति बने।

आईपीएल नीलामी के पहले दिन देवदत्त पडिक्कल, जॉनी बेयरस्टो और डेविड वॉर्नर जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को कोई खरीददार नहीं मिला और वह अनसोल्ड रहे। रविवार को कुल 84 खिलाड़ियों की बोली लगी जिसमें से 72 खिलाड़ियों के लिए 467.95 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 12 खिलाड़ियों को किसी ने नहीं खरीदा।

## सिनेमा

# दादा राज कपूर की इस फिल्म का रणबीर बनाना चाहेंगे रीमेक, बोले- वो मेरी फेवरेट है



बॉलीवुड के मशहूर कपूर परिवार की चौथी पीढ़ी के रणबीर कपूर एक शानदार एक्टर हैं। रणबीर कपूर ज्यादा इंटरव्यू या टॉक शो का हिस्सा नहीं बनते हैं। हालांकि, रणबीर कपूर ने रविवार को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया, गोवा में हिस्सा लिया। इस स्टेज पर रणबीर कपूर ने अपने दादा राज कपूर के बारे में बात की। उन्होंने राज कपूर की अपनी फेवरेट फिल्म का नाम बताया। इसी स्टेज पर रणबीर कपूर ने कहा कि अपनी बेटी राहा को उन्होंने सबसे पहले राज कपूर का गाना किसी की मुस्कुराहटों पर हो निसार सुनाया था। इस मंच पर रणबीर कपूर से पूछा गया कि अपने दादा की एक फिल्म का नाम बताएं जिसका वो रीमेक बनाना पसंद करेंगे? इसपर रणबीर कपूर ने कहा, 'मैं रीमेक बनाने में विश्वास नहीं रखता हूं। मेरा मानना है कि कोई भी फिल्म अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के साथ बनाई जाती है, आपको उसे छूना नहीं चाहिए, खासकर राज कपूर की फिल्मों को। लेकिन मैं श्री 420 का रीमेक बनाना पसंद करूंगा जैसा कि मैंने कहा कि वो मेरी पसंदीदा फिल्म है।' रणबीर कपूर ने कहा कि एक और फिल्म है जिसका वो रीमेक बनाना पसंद करेंगे, वो है संगम।

## Highlights

1. **Dehradun's 186-yr-old Rashtrapati Ashiyana to open for public in 2025**
2. **Who's Jay Bhattacharya, Trump's key pick to lead US health agency?**
3. **Fake letter claims to offer HP Gas agency dealership**
4. **We accepted defeat in Jharkhand, Oppn blaming EVMs: BJP's Somaiya**
5. **Over 20 detained, internet suspended in UP's Sambhal amid violence**

# Sanjiv Goenka, owner of Lucknow Supergiants, has a net worth of $4 billion: Forbes

**NEW DEIHI, (Agency).** The IPL 2025 Mega auction is here and all the 10 teams are ready to lock horns for the players. Sanjv Goenka's Lucknow Super Giants will be looking to overhaul their squad after last season's disappointment.

Goenka even let go of the team captain KL Rahul, the visuals of his on field altercation with whom are still fresh in the mind of the fans.

Goenka is a billionaire business tycoon who has a net worth of $4 billion, according to Forbes. His vast wealth comes from a big conglomerate that is headquartered in Kolkata. Apart from that, he also owns several other companies. Here is a look at his company portfolio.

The companies run by the Lucknow Super Giants' owner Sanjiv Goenka

The biggest asset in Sanjiv Goenka's arsenal is the RP Sanjiv Goenka Group. According to Forbes, it has revenue of more than $4.5 billion. The group is headquartered in



Kolkata and has a presence throughout the country and even beyond.

The flagship company of the group is the Calcutta Electric Supply Corporation, a power utility company established in 1897. The group went through serious restructuring and the utility company was divided into four separate firms. These are Haldia Energy Limited, Dhariwal Infrastructure Limited, Noida Power Company Limited and Integrated Coal Mining Limited.

Apart from all that, Goenka is also the owner of the supermarket chain Spencer's and a snack brand named Too Yumm!. The latter is headed by Goenka's son Shaswat Goenka.

According to Forbes, Sanjiv Goenka is the 65th richest Indian in 2024. He is also placed 949 on the list of richest billionaires in the world, according to the business magazine.

The IPL Mega Auction 2025 is scheduled for November 24 and 25. It will be held in the Abady Al Johar Arena in Jeddah, Saudi Arabia. Goenka and the Super Giants will have ₹69 crore to get the players that they want. The team also has one Right To Match card left.

## कैप्टन पॉलिप्लास्ट लिमिटेड ने H1 FY25 में ₹119.59 करोड़ की कुल आय प्राप्त की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजकोट** । कैप्टन पॉलिप्लास्ट लिमिटेड (CPL, BSE: 536974) माइक्रो सिंचाई समाधान की अग्रणी निर्माता और निर्यातक कंपनी है, जिसने अपने संचालन को तेजी से बढ़ते सोलर EPC और पॉलिमर बाजारों में भी विस्तारित किया है। कंपनी ने Q2 FY25 और H1 FY25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कैप्टन पॉलिप्लास्ट लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक श्री रितेश खिचड़िया ने कहा, 'हम यह रिपोर्ट करते हुए प्रसन्न हैं कि Q2 हमारे लिए एक संतोषजनक तिमाही रही। हालांकि लंबित मानसून के कारण कुछ ऑर्डर्स पर असर पड़ा और राजस्व में मामूली गिरावट आई, लेकिन हमें अपनी मूल कंपनी के शेयरों की बिक्री से 13 करोड़ की एकमुश्त अपवादस्वरूप आय प्राप्त हुई। हमारे विस्तार प्रयासों के तहत, हमने 48 लाख परिवर्तनीय वारंट को प्रेफेरेंशियल आधार पर जारी किया है ताकि हमारी विकास योजनाओं को समर्थन मिल सके। जुटाई गई राशि का उपयोग हमारे नए प्लांट के लिए पूंजीगत व्यय और कार्यशील पूंजी के लिए किया जाएगा।

## Gautam Adani, nephew Sagar Adani summoned by US SEC in bribery case: 'If you fail to respond...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Gautam Adani indicted: Gautam Adani of the Adani group and his nephew Sagar Adani have been summoned to explain their stand on the US Securities and Exchange Commission (SEC) allegation of paying USD 265 million ( ₹2,200 crore) in bribes to secure lucrative solar power contracts, news agency PTI reported.

The summons were sent to the Adanis' respective residences in Ahmedabad, with replies expected within 21 days, PTI reported, citing a November 21 notice dispatched through the New York Eastern District Court. A judgment by default will be entered against the Adanis if they don't respond on time, the notice said.

## सुमित वुड्स लिमिटेडने Q2 FY25 में एकीकृत शुद्ध लाभ में 171% की बढ़ोतरी देखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुंबई।** सुमित वुड्स लिमिटेड (NSE – SUMIT), जो उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय और सामुदायिक स्थानों के निर्माण में समर्पित है, ने Q2 FY25 के लिए अपने अप्रत्यक्ष वित्तीय परिणामों की घोषणा की। Q2 FY25 एकीकृत वित्तीय हाइलाइट्स: - कुल आय 44.22 करोड़, वार्षिक वृद्धि 12.90% ,EBITDA 5.69 करोड़, वार्षिक वृद्धि 5.10% ,EBITDA मार्जिन (%) 12.87%, वार्षिक वृद्धि -96 BPS ,शुद्ध लाभ 2.56 करोड़, वार्षिक वृद्धि 170.97% , शुद्ध लाभ मार्जिन (%) 5.78%, वार्षिक वृद्धि 337 BPS ,EPS 0.58, वार्षिक वृद्धि 205.26%

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरूद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक